**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.07.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## प्रधानमंत्री–डिजिटल इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया एक जन आंदोलन बन गया है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने पर एक ब्लॉग में उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल शासन से वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। प्राधानमंत्री ने कहा कि 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 11 गुना अधिक है, इससे सुदूरवर्ती गांव भी जुडे हैं। उन्होंाने कहा कि भारत में 5–जी का विस्तार दुनिया में सबसे तेज़ी से हुआ है, जिसमें केवल दो वर्षों में चार करोड 81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजीलॉकर अब 54 करोड़ उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान करता है और सात सौ 75 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को संग्रहित करता है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत एक करोड़ 80 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन स्टार्टअप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा।

## मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही मानसून की वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बीती रात हुई भारी वर्षा और बादल फटने की घटनाओ से मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यहां आज 4 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, 16 लोग लापता हैं जबकि विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए राहत बचाव अभियानों के जरिए 99 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मंडी जिला प्रशासन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 2 सौ 61 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं और एक हजार 7 सौ से अधिक ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं वहीं कई पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। उधर हमीरपुर जिला के ब्लाह गांव में बाढ़ में फंसे 20 लोगों को पुलिस ने सुरक्षित निकाल लिया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन द्वारा लगातार राहत व् बचाव कार्य जारी है। चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग भी भूस्खलन के कारण जगह–जगह बंद हैं। इस बीच लगातार बारिश के चलते भूस्खलन की आशंका के दृष्टिगत मंडी, काँगड़ा और हमीरपुर जिलों में आज भी सभी शिक्षण संस्थान बंद रखे गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं सरकार ने लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है ।मौसम विभाग ने राज्य में आगामी 6 जुलाई तक भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

**सुखविंदर सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला में ब्यास नदी में बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार बारिश के चलते जलस्तर में तेज़ बढ़ोतरी हो रही है, जिससे कुछ क्षेत्रों में गंभीर परिस्थितियाँ बनी हुई हैं। उन्होंने ज़िला के भड़ोली क्षेत्र में नदी पर बने पुल और आसपास के इलाक़ों की स्थिति की जानकारी ली और ज़िला प्रशासन से फीडबैक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह ज़िला प्रशासनों के निरन्तर संपर्क में हैं और हालात पर नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ख़राब मौसम को देखते हुए पूरी सावधानी बरतें और प्रशासन की एडवायज़री का पालन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा ही राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

**उपमुख्यमंत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना ने खेलों के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और राज्य सरकार इस पहचान को और सशक्त बनाने के लिए वैज्ञानिक कोचिंग व आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा हरोली विधानसभा क्षेत्र के रोड़ा गांव में 9 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा, जिसे केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है। अग्निहोत्री ने कहा कि इस ट्रैक से युवाओं के लिए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने और अपनी प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच मिलेगा।

**अनिरूद्ध**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि जनता के हक के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि को पीछे नहीं हटना चाहिए। वे आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की चेड़ी पंचायत में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने दूध में न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हिम ईरा ब्रांड के बैनर तले लाखों महिलाओं को रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है। शिविर में 5 सौ से अधिक लोगों ने अपना चेकअप करवाया और इस दौरान 10 लाख रुपए की निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

---